SIR WILLIAM JONES
MDCCXLVI–MDCCXCIV

सत्यमेव जयते
संस्कृति मंत्रालय
MINISTRY OF
CULTURE

वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखापरीक्षा प्रतिवेदन

Annual Report & Audit Report

2023-24



दि एशियाटिक सोसाइटी
कोलकाता

संसद की अधिनियम (1984) के तहत राष्ट्रीय महत्व का एक स्वायत्त संस्थान
भारत सरकार

The Asiatic Society
Kolkata

An Autonomous Institution of National Importance under an Act of Parliament (1984)

Government of India

दि एशियाटिक सोसाइटी

का

वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखापरीक्षा प्रतिवेदन 2023-2024

दि एशियाटिक सोसाइटी
का
वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखापरीक्षा प्रतिवेदन
2023-2024

दि एशियाटिक सोसाइटी
1 पार्क स्ट्रीट, कोलकाता 700 016

सत्यमेव जयते
संस्कृति मंत्रालय
MINISTRY OF CULTURE

प्रकाशक
लेफ्टिनेंट कर्नल अनन्त सिन्हा
प्रशासक
दि एशियाटिक सोसाइटी
1 पार्क स्ट्रीट
कलकाता 700 016

नवंबर, 2024

संकलक : डॉ प्रीतम गुड़े

कवर डिजाइन : धीमान चक्रबर्ती

मुदक
शैली प्रेस प्रा: लि:
4ए मानिकतला मेन रोड
कलकाता 700 054
Email : saileepress@yahoo.com

शोक संदेश

एशियाटिक सोसाइटी, कोलकाता, सोसाइटी के निम्नलिखित सदस्यों, प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों, शुभचिंतकों, कर्मचारियों एवं भूतपूर्व कर्मचारियों के निधन पर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती है।

स्वामी स्मरणानंद

प्रोफेसर बिकाश सिन्हा

डॉ. अरुण गांधी

श्री अजय घोष

श्री समर बागची

प्रोफेसर अमल कुमार मुखोपाध्याय

प्रोफेसर अमर कुमार चट्टोपाध्याय

डॉ. चंद्रकांता मुरासिंह

डॉ. पिनाकीनाथ मुखोपाध्याय

प्रोफेसर (डॉ.) स्पर्श मणि चटर्जी

प्रोफेसर अतुल चंद्र भौमिक

मोहम्मद हबीब

प्रोफेसर इमैनुएल ले रॉय लाडुरी

प्रोफेसर मृण्मय भट्टाचार्य

प्रोफेसर कमलेश दत्त त्रिपाठी

उस्ताद राशिद खान

श्री दीपंकर सुकुल

श्री पंकज उधास

प्रोफेसर पीयूषकांति दीक्षित

श्री सतीश कौशिक

प्रोफेसर सी.आर. राव

प्रोफेसर रणजीत गुहा

श्री प्रवराजिका अमलप्राना

प्रोफेसर दिलीप साहा

प्रोफेसर बदीउर रहमान

प्रोफेसर निर्मला बनर्जी

प्रोफेसर दीपक भट्टाचार्य

श्रीमती बनानी घोष

डॉ. प्रसाददास भट्टाचार्य

प्रोफेसर सौमेंद्र नाथ मुखर्जी

डॉ. शांति बंद्योपाध्याय

श्री गौतम हलदर

डॉ. मल्लार मित्रा

डॉ. अनूप घोषाल

प्रोफेसर महादेव चक्रवर्ती

श्रीमती श्रीला मजूमदार

श्री भबानी प्रसाद मजूमदार

प्रोफेसर अंजलिका मुखोपाध्याय

श्री पार्थ सारथी देब

विषय-सूची

1.	एशियाटिक सोसाइटी की यात्रा	...	9
2.	अध्यक्षीय संबोधन	...	12
3.	महासचिव का अभिभाषण	...	23
4.	एशियाटिक सोसाइटी की कार्यकारी परिषद (2022-24)	...	26
5.	योजना समिति और स्थायी वित्त समिति	...	28
6.	समितियां और उप-समितियां	...	30
7.	वर्ष 2023 के लिए पदकों, पट्टिकाओं और व्याख्यानाओं के लिए चयनित पुरस्कार विजेता	...	33
8.	अप्रैल 2023-मार्च 2024 के दौरान कार्यकारी परिषद द्वारा अपनाए गए प्रमुख संकल्प और प्रतिवेदित बस्तुएँ	...	36
9.	एशियाटिक सोसाइटी का प्रकाशन	...	40
10.	पुस्तकालय संभाग की गतिविधियाँ		
	पुस्तकालय	...	42
	संग्रहालय	...	45
	संरक्षण	...	47
	रेप्रोग्राफी	...	48
11.	शैक्षणिक विभाग की गतिविधियां		49
	A. आंतरिक अनुसंधान परियोजनाएं	...	50
	B. पोस्ट डॉक्टरल अनुसंधान परियोजना	...	52

C.	अनवरत जारी बाहरी अनुसंधान परियोजनाए	...	52
D.	आरंभ होने वाली अनुमोदित बाह्य परियोजनाएं	...	53
E.	बाह्य अनुसंधान परियोजना: एशियाटिक सोसाइटी द्वारा आयोजित	...	53
F.	व्याख्यान/सेमिनार/सम्मेलन / कार्यशालाएं /संगोष्ठी / वार्ता	...	53
12.	विशिष्ट गतिविधियां	...	61
13.	एशियाटिक सोसाइटी के कर्मचारी (2023-2024)	...	63
14.	वित्त, लेखा, बजट और लेखा परीक्षा	...	69
	झलक (दृश्य-श्रव्य)		

1

एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना यात्रा

स्थापना

एशियाटिक सोसाइटी, कोलकाता भारत में शिक्षा का प्राचीनतम संस्थान है एवं भारतीय इतिहास के पुनरुद्धार एवं भारतीय नवजागरण के शंखनाद में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। सर विलियम जोन्स, जो कि एक प्रख्यात भाषाविद और एंग्लो-वेल्श कुल के विद्वान थे, ने 15 जनवरी, 1784 को सुप्रीम कोर्ट, कलकत्ता के ग्रैंड जूरी हॉल में हुई बैठक में इसकी स्थापना की थी।

सर विलियम जोन्स (1746-1794) सुप्रीम कोर्ट, कलकत्ता में सहायक न्यायाधीश (प्युनी जज) के रूप में 1783 में नियुक्त हुए। सर जोन का ही यह विचार था कि प्राच्य अध्ययन के लिए एक स्थायी संगठन स्थापित किया जाए। तत्कालीन गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग्स को स्वयं ही भारत के शास्त्रीय भाषाओं और साहित्य में गहन' रुचि थी। प्राच्य अध्ययन में कंपनी के अधिकारियों का एक वर्ग भी अत्यंत सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ था। इसलिए जोन्स की उस विचारधारा को अत्यंत ही आसानी से लागू कर दिया गया।

15 जनवरी 1784 को, ऐसे तीस उत्सुक यूरोपीय कलकत्ता में सुप्रीम कोर्ट के ग्रैंड जूरी कक्ष में मिले एवं संस्थान के रूप में द एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना के लिए जोन्स के प्रस्ताव को अंगीकार कर लिया।

एशिया की भौगोलिक सीमा में ही अन्वेषण कार्य होंगे और इन सीमाओं के भीतर इसकी जिज्ञासाओं का विस्तार किया जाए जिसमें मनुष्य द्वारा निष्पादित कार्य अथवा प्रकृति द्वारा सृजित घटनाएँ शामिल होंगी - इस ऐतिहासिक बैठक में एशियाटिक सोसाइटी के स्मृति ज्ञापन में निहित इस बयान को सर विलियम जोन्स द्वारा तैयार किया गया था। इस प्रकार एशियाटिक सोसाइटी, कोलकाता की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ।

शुरुआत के दिन

इस सोसाइटी के पहले अध्यक्ष विलियम जोन्स बने और वर्ष 1794 में अपनी मृत्यु पर्यंत इस पद पर बने रहे। सोसाइटी के पहले संरक्षक वॉरेन हेस्टिंग्स थे। तब से संरक्षक का पद गवर्नर जनरल के पास था एवं स्वतंत्रता के बाद यह पद पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के पास चला गया है। प्रारंभ में, केवल यूरोपीय नागरिक ही सोसाइटी के सदस्य के रूप में थे। वर्ष 1829 में भारतीयों को भी सोसाइटी सदस्य के रूप में की अनुमति दी गई थी। वर्ष 1885 में, इस संगठन के पहले भारतीय अध्यक्ष राजेंद्रलाल मित्र हुए। यह संगठन अपनी स्थापना के आरंभिक वर्षों के दौरान, बिना भवन के ही कार्यरत था। वर्ष 1805 में सरकार द्वारा जमीन दिए जाने के बाद, इसका आधिकारिक भवन 1808 में निर्माण किया गया। सोसाइटी के वर्तमान भवन का निर्माण वर्ष 1961 में इसी स्थान पर किया गया था एवं 22 फरवरी 1965 को पूर्व भारतीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने इसका उद्‌घाटन किया था।

पिछली दो शताब्दियों के दौरान सोसाइटी के नाम में कई परिवर्तन हुए जैसे एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल (1832-1935), द रॉयल एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल (1936-1951) एवं एशियाटिक सोसाइटी के रूप में इसकी पहचान जुलाई 1952 में हुई।

विजन एवं मिशन

सोसाइटी के मुख्य कार्य हैं:

- एशिया महाद्वीप में मानविकी एवं विज्ञान में अनुसंधान कार्यों का आयोजन करना, पहल करना एवं प्रोत्साहन देना,
- अनुसंधान संस्थानों, रीडिंग रूम, संग्रहालयों, सभागारों एवं व्याख्यान कक्षों की स्थापना, निर्माण, विनिर्माण, विरचना, अनुरक्षण एवं संचालन करना,
- लक्ष्य पूरा करने के लिए व्याख्यान, सेमिनार, संगोष्ठी, चर्चा, बैठकें एवं पुरस्कार स्वरूप मेडल और छात्रवृत्ति प्रदान करना।
- किसी पत्रिका, पुस्तक या अन्य साहित्य का अधिग्रहण करना, वित्तपोषित करना या प्रकाशित करना जिसे सोसाइटी अपने कार्यो को प्रोत्साहित करने के लिए उपयुक्त समझता हो;

जैसे–जैसे समय व्यतित होता गया, एशियाटिक सोसाइटी को अपने कार्यों का विस्तार करता रहा एवं फलस्वरूप अनुसंधान के क्षेत्र का भी विस्तार करना पड़ा। भले ही यह अपने संस्थापक सर विलियम जोन्स द्वारा जारी किए गए मूल अधिदेश की सीमा से आगे नहीं बढ़ा है कि यह मनुष्य द्वारा निष्पादित कार्य अथवा प्रकृति द्वारा सृजित घटनाएँ के सिद्धांत पर कार्य कर रहा है। केंद्र की आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक समय में मानव ज्ञान में निरंतर वृद्धि होने के पश्चात भी इस प्रासंगिक अधिदेश का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है।

एशियाटिक सोसाइटी ने भारत के अतीत की खोज में अग्रणी एवं अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एशियाटिक सोसाइटी के विलियम जोन्स, चालस विल्किंस, एच टी कोलब्रुक, बी-एच हॉडसन, फ्रांसिस विल्फोर्ड, सैमुअल डेविस, एच-एच विल्सन, जेम्स प्रिंसेप जैसे महान भारतीयविदों एवं प्राच्यविदों ने अपने बौद्धिक आश्चर्य के कार्य किए थे।

सोसाइटी देश की सांस्कृतिक विरासत के भंडार रूप में भी कार्य कर रहा है और अपने संसाधनो के माध्यम से पिछले २०० से अधिक वर्षों देश के सांस्कृतिक विरासत के प्रचार एवं प्रसार कार्य कर रही है, परिणामस्वरूप मूल्यवान पांडुलिपियों एवं अन्य दस्तावेजों का एक महान केंद्र बनकर उभरा है।

राष्ट्रीय महत्व के संस्थान

एशियाटिक सोसाइटी कई मायनों में इस देश में कई प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों जैसे भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, भारतीय वानस्पतिक सर्वेक्षण, भारतीय संग्रहालय, उष्णकटिबंधीय चिकित्सा विद्यालय, कलकता मेडिकल कॉलेज, इंडियन नेशनल साइंस एकदमी इत्यादि के प्रगति एवं विकास की जननी रही है।

इस सोसाइटी के महत्व एवं इसके कला और विज्ञान के सभी क्षेत्रों में इसके अपार योगदान की देखते हुए, भारत सरकार ने 1984 में सोसाइटी के द्विशताब्दी वर्ष के दौरान संसद के अधिनियम द्वारा एशियाई सोसाइटी को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में मान्यता दी। 1984 के एशियाटिक सोसाइटी अधिनियम के लागू होने से

भारत सरकार ने भविष्य में इसके अनुरक्षण और विकास के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करने की जिम्मेदारी ली। वर्तमान में, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तहत यह सोसाइटी एक स्वायत्त संस्थान के रूप में कार्य कर रही है।

शासन

यह सोसाइटी, सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का विनियमन अधिनियम XXI) के तहत पंजीकृत है। यह एक सदस्यों की सोसाइटी है। सोसाइटी के सदस्यों द्वारा निर्वाचित एक बीस सदस्यीय परिषद है, जो सोसाइटी के प्रशासनिक, निदेशन एवं प्रबंधन संबंधी मामलों देखरेख करती है। इसका निर्वाचन हर दो वर्ष में होता है। इस प्रबुद्ध परिषद के सदस्य मुख्य रूप से विभिन्न एकादमिक विषयों के विशेषज्ञ होते हैं। इसके अलावा, परिषद में भारत सरकार द्वारा चार नामांकित व्यक्ति, पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा एक नामांकित व्यक्ति और एशियाटिक सोसाइटी कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधि शामिल हैं। महीने में एक बार अनिवार्य रूप से इस परिषद की बैठक होती है। कई स्थायी समितियाँ हैं जो परिषद को उसके मिशन के कार्यान्वयन करने में सहायता करती हैं। इसके अलावा एशियाटिक सोसाइटी का एक प्लानिंग बोर्ड भी है जो इस सोसाइटी के विकास से संबंधित कार्यक्रमों की योजना और कार्यान्वयन के संबंध में परामर्श देती है।

इसी तरह, एक स्थायी वित्त समिति भी है जिसमें केंद्र सरकार, राज्य सरकार और परिषद के नामित सदस्य शामिल होते हैं, जो वित्तीय प्रभाव से संबंधी सभी मामलों पर परिषद को सलाह देते हैं।

सोसाइटी की विकास यात्रा अब भी जारी

महत्वपूर्ण क्षेत्रों जैसा कि पीयर रिव्यू कमेटी द्वारा स्वीकृत किया गया है, विशेष रूप से, भारतीय संस्कृति और सभ्यता की समृद्ध विरासत को तेजी से कवर किया जा रहा है। एक ओर डिजिटलीकरण के माध्यम से और दूसरी ओर वैश्विक शैक्षणिक समुदायों के साथ नेटवकिंग के माध्यम से मूल्यवान पुस्तकों, दस्तावेजों, पांडुलिपियों आदि के संरक्षण को आधुनिक बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। सोसायटी की गतिविधियों का एक और महत्वपूर्ण क्षेत्र यह है कि इस देश के साथ-साथ विदेशों में भी अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचने के लिए अधिक से अधिक सोशल मीडिया नेटवर्क का उपयोग करना रहा है।

11 जनवरी, 1984 को कोलकाता में सोसाइटी के द्विशताब्दी समारोह में, भारत की तत्कालीन प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा था, कुछ संस्थान इतिहास को दर्शाते हैं और कुछ इसमें योगदान करते हैं। इस सोसाइटी ने यह दोनों कार्य किया। अब तक, सोसायटी अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सभी क्षेत्रों में अपने कार्यक्रमों आगे बढ़ाते हुए पुस्तकालय, संग्रहालय, प्रकाशन और वार्षिक शैक्षणिक गतिविधियों जैसे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर रही है।

2

अध्यक्षीय भाषण

बहुलवाद और बहुसंस्कृतिवाद में भारतीय समाज

19 वीं सदो के बंगाल में साहित्यिक समाज और सामाजिक विज्ञान साहित्य

माननीय न्यायमूर्ति श्यामल सेन, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एवं पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल, डॉ. सत्यव्रत चक्रवर्ती, हमारे महासचिव, डॉ. सुजीत कुमार दास, हमारे कोषाध्यक्ष, पदक, पट्टिका एवं व्याख्यान के माननीय प्राप्तकर्ता, देवियों और सज्जनों .

सामाजिक प्रश्नों पर व्यवस्थित चिंतन एवं अनुसंधान की शुरुआत भारत में, विशेष रूप से बंगाल में, 19वीं शताब्दी में हुई। ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन, नए विचारों का प्रभाव, यहाँ ईसाई धर्म को लागू करने के लिए मिशनरियों के उत्साह ने स्वदेशी बुद्धिजीवियों के बीच सदियों पुरानी संस्थाओं एवं रीति-रिवाजों को नए सिरे से देखने के लिए नवजागरण की शुरुआत हुई । कुछ पुनरुत्थानवादियों ने प्रचलित व्यवस्था के समर्थन में नए औचित्य एवं नए तर्क देने देने का प्रयत्न करने लगे। कुछ परिवर्तन समर्थक या आधुनिकतावादी लोग भी थे जिन्होंने व्यवस्था को बदलने एवं पश्चिमी मूल्यों, विचारधाराओं एवं शैक्षिक प्रणालियों को अपनाने की वकालत की एवं कुछ ऐसे भी थे जिन्होंने पश्चिम के नए मानवीय मूल्यों एवं संस्थाओं को अपनाते हुए अपनी परंपरा के सर्वश्रेष्ठता को पुन: प्राप्त करने के लिए पुराने तथा नए के संयोग का समर्थन किया। परिणामस्वरूप, यदि हम १९वीं शताब्दी में सम्मति की प्रकृति को देखें, तो हमें अभिजात वर्ग के स्तर पर नवजागरण एवं इसमें अभूतपूर्व सामाजिक मंथन देखने को मिलता है।

कुछ विचारकों ने इस प्रक्रिया को बंगाल पुनर्जागरण के रूप में पहचाना है एवं इसकी तुलना 16वीं एवं 17वीं शताब्दी में यूरोप में हुई इसी समान प्रकार की प्रक्रिया से की है। लेकिन यह विवाद का विषय है कि क्या इस नई बौद्धिक जागरण की तुलना यूरोप में पुनर्जागरण की प्रक्रिया से की जा सकती है, क्योंकि इस बौद्धिक जागरण में शामिल लोगों की संख्या एवं प्रतिशत केवल शहर के उच्च वर्ग के लोगों तक ही सीमित था एवं ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों की बड़ी संख्या इस प्रक्रिया से अपेक्षाकृत अप्रभावित रही। निस्संदेह समाज एक उथल-पुथल से गुजर रहा था जिसका आम लोगों पर गहरा प्रभाव पड़ रहा था।

यूरोप में, फ्रांसीसी क्रांति एवं नवजागरण का प्रभाव समाज पर महसूस किया गया एवं मुद्दा यह था कि सामाजिक व्यवस्था को कैसे बनाए रखा जाए। इसने लोगों को समाज के मूल आधार को देखने के लिए प्रेरित किया, जिससे यह प्रश्न उठा कि समाज की रूप-रेखा कैसे संभव है। यूरोप में निस्बेट ने अपने द सोशियोलॉजिकल ट्रेडिशन में समाजशास्त्र के विकास की व्याख्या करते हुए कहा, यूरोपीय समाजशास्त्र के मूल विचारों को 19वीं शताब्दी की शुरुआत में औद्योगिकीकरण एवं क्रांतिकारी लोकतंत्र के संघर्ष के तहत प्राचीन व्यवस्था के पतन द्वारा बनाई गई व्यवस्था की समस्या के जवाब के रूप में सबसे अच्छी तरह से समझा जाता है ।

यूरोप में पुरानी व्यवस्था का समाप्त होने से - एक ऐसी व्यवस्था सामने आई जो रिश्तेदारी, भूमि, सामाजिक वर्ग, धर्म, स्थानीय समुदाय एवं राजशाही पर चल रही थी - सत्ता, धन एवं प्रतिष्ठा के विभिन्न तत्वों को मुक्त कर दिया, जो मध्य युग से ही, हालांकि अनिश्चित रूप से, संचित हो रहे थे। क्रांति से विस्थापित, औद्योगिकता एवं लोकतंत्र की ताकतों से उलझे इन तत्वों को नए एवं अधिक व्यवहार्य संदर्भों की खोज में 19वीं शताब्दी में यूरोप के राजनीतिक परिदृश्य में संघर्ष करते हुए देखा जा सकता है

भारत में ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। औपनिवेशिक गुलामी की जंजीरें स्वतंत्रता एवं लोकतंत्र के रास्ते में खड़ी थी, स्वतंत्रता एवं समानता के क्रांतिकारी विचारों के प्रति कोई सीधा संपर्क नहीं था, धार्मिक एवं लौकिक प्राधिकरण के बीच लंबे समय तक संघर्ष की कोई परंपरा नहीं थी, कुछ सीमित सीमा को छोड़कर, परिवर्तन की नीयत विकास (ऑर्थोजेनेटिक) प्रक्रिया का कोई चलन नहीं था। फिर भी ऐसे अपेक्षाकृत स्थिर एवं अचल समाज पर पश्चिमीकरण का प्रभाव, शिक्षा की नई प्रणाली की शुरुआत एवं स्वदेशी अभिजात वर्ग का उदय हो रहा था। 19वीं शताब्दी के दौरान, हम इस प्रक्रिया का चलन था। बंगाल ऐसे ही भंवर के केंद्र में था, हालांकि पश्चिमी भारत में भी कुछ समानांतर पुनरुत्थान हुआ था। 19वीं सदी के बंगाल में उभरते अभिजात वर्ग की बौद्धिक चिंताओं की विशेषता थी - सामाजिक मुद्दों पर रुचि, सामाजिक प्रश्नों पर चिंतन एवं अनुसंधान तथा सामाजिक मुद्दों के प्रति गहन अनुभवजन्य प्रवृति। इस बौद्धिक चिंता की दो महत्वपूर्ण दिशाएँ थीं। सबसे पहले, उस दौर के कुछ प्रमुख बुद्धिजीवियों एवं समाज सुधारकों ने मौलिक सामाजिक प्रश्न उठाने शुरू किए। उनकी सबसे बड़ी संपत्ति एक तर्कसंगत एवं जिज्ञासु मानसिकता का होना था जिसकी मदद से वे सभी उस समय की सामाजिक वास्तविकता पर विचार कर रहे थे। उनमें से प्रमुख थे राममोहन राय (1771-1833), अक्षय कुमार दत्ता (1820-1886), ईश्वर चंद्र विद्यासागर (1820-91), भूदेव मुखोपाध्याय एवं कई अन्य। बंगाल इस तरह के सुधारवादी प्रवृति का केंद्र था। दूसरा, इस अवधि में यह था कि कई शैक्षणिक एवं पेशेवर समाज स्थापित हुए थे। ऐसे अकादमिक निकायों के कुछ उदाहरण -एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल (1784), द एकेडमिक एसोसिएशन (1828), द तत्त्व बोधिनी सभा (1831), द बेथ्यून सोसाइटी (1851), द बंगाल सोशल साइंस एसोसिएशन (1866)। सामाजिक मुद्दों एवं सामाजिक समस्याओं के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण, समाज के विभिन्न हिस्सों के तथ्यात्मक पहलुओं के प्रति तर्कसंगत दृष्टिकोण ने इस समय को समाज के प्रति पहले के आध्यात्मिक एवं दार्शनिक दृष्टिकोण से अलग कर दिया। इस अवधि के कुछ महत्वपूर्ण विचारकों के व्यक्तिगत योगदान पर चर्चा करने से पहले हम ऐसे ही कुछ अकादमिक निकायों एवं स्कूलों के बारे में विस्तार से बात करेंगे।

ऐसा नहीं था कि इन निकायों एवं व्यक्तियों की रुचि केवल 'सामाजिक' वस्तुओं तक ही सीमित थी। 'वैज्ञानिक' चीजों में बढ़ती रुचि के इसके पुख्ता सबूत थे। 1840 में कलकत्ता जर्नल ऑफ नेचुरल हिस्ट्री की स्थापना की गई। द्वारकानाथ टैगोर, रामकमल सेन, दुर्गाचरण भट्टाचार्य एवं कुछ अन्य लोग इससे नजदीकी रूप से जुड़े थे। बेला दत्ता गुप्ता उन्नीसवीं सदी के मध्य के बौद्धिक परिवेश के संबंध में लिखते हुए कहती हैं, उस समय कलकत्ता का सम्पूर्ण बौद्धिक परिवेश वास्तव में विज्ञान एवं वैज्ञानिक वस्तुओं से समृद्ध था। व्यक्तिगत व्याख्यानों, पत्रिकाओं, समाचार-पत्रों में लेखों में, वैज्ञानिक ज्ञान के अध्ययन, अध्यापन एवं प्रचार-प्रसार की निरंतर मांग थी। तत्वबोधिनी पत्रिका के पृष्ठों में, संवाद प्रभाकर के स्तंभों में, तकनीकी विद्यालय, कृषि संस्थानों, कृषि के उन्नत तरीकों पर अनुसंधान के लिए तर्क बार-बार दोहराए जाते थे। 1854 में, इस देश में लोगों की अनुप्रयुक्त विज्ञान की मांग का एक महत्वपूर्ण सूचकांक बेथ्यून सोसाइटी के सामने पढ़ा गया, कर्नल गुडविन का 'विज्ञान, उद्योग एवं कला का मिलन' पर प्रकाशित शोधपत्र है। सर विलियम जोन्स द्वारा 1784 में एशियाटिक

सोसाइटी की स्थापना के पीछे, अपने सभी विविध रूपों में ज्ञान की एकीकरण का यह विचार था। विलियम जोन्स के लिए, 'इतिहास, विज्ञान एवं कला' मिलकर ही मानव शिक्षा या ज्ञान की त्रिमूर्ति का गठन करते हैं। उनके अपने शब्दों में, पहला (इतिहास) या तो प्राकृतिक उत्पादनों या साम्राज्य तथा राज्यों के वास्तविक अभिलेखों के आधार पर समझा जाता है; दूसरा (विज्ञान) नैतिकता एवं नियम के साथ शुद्ध एवं संयुक्त गणित के पूरे चक्र को समाहित कर लेता है, जहाँ तक वे तर्क करने की क्षमता पर निर्भर करते हैं जैसा कि सही कहा गया है कि 1784 में एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना, अपनी 'धर्मनिरपेक्ष मुक्ति की खोज' के लिए महत्वपूर्ण है।

एशियाटिक सोसाइटी ... कई अन्य संगठनों के विकास में फिर से महत्वपूर्ण एवं एतिहासिक भूमिका निभाई। ऐसी सोसाइटियों में साहित्यिक, दार्शनिक एवं वैज्ञानिक ज्ञान के लिए अभूतपूर्व उत्साह था। वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास के बाद जनमत का एक तर्कसंगत माहौल बना। लंबे समय से चली आ रही संस्थाओं पर सवाल उठाए जा रहे थे एवं उनकी तर्कसंगतता को चुनौती दी जा रही थी। इस प्रकार का समाज नवसिखुओं के सुधार हेतु उत्साही केंद्र बन गया।

एशियाटिक सोसाइटी के प्रकाशन प्रयास: एक शुरुआत

1784 में अपनी स्थापना के बाद एशियाटिक सोसाइटी का मुख्य आदर्श वाक्य जर्नलों एवं आवधिक पत्रिकाओं के माध्यम से सभी प्रकार के प्रकाशन था। एशियाटिक सोसाइटी के संस्थापक सर विलियम जोन्स ने अपने एक वार्षिक व्यक्तव्य में कहा था, ''यदि एशिया के विभिन्न भागों से प्रकृतिवादी, रसायनशास्त्री, पुरातत्ववेत्ता, भाषाशास्त्री एवं विज्ञान के लोग अपने विचारों को लिखकर कलकत्ता स्थित एशियाटिक सोसाइटी को भेजें तो इस सोसाइटी की प्रगति होगों, यदि ऐसा पत्राचार दीर्घकाल तक बाधित रहने से यह क्षीण हो जाएगी एवं यदि यह पूरी तरह बंद हो जाए तो यह समाप्त हो जाएगी।'' इस प्रकार विलियम जोन्स की अपेक्षाएं पूरी हुई, जिसके परिणामस्वरूप एशियाटिक सोसाइटी दो सौ चालीस वर्ष पुरानी संस्था बन गई ''जिसकी प्रतिष्ठा देश के सबसे प्राचीन एवं जीवंत प्रकाशन गृह के रूप में है।'' इस संदर्भ में डॉ आर सी मजूमदार की टिप्पणी गौर करने लायक है जब उन्होंने कहा कि ''एशिया के इतिहास एवं पुरावशेषों, कला, विज्ञान एवं साहित्य पर विद्वत्तापूर्ण लेखों एवं ग्रंथों के प्रकाशन होने से सर विलियम जोन्स का उच्च आदर्श की पूर्ति अपेक्षाओं से अधिक हुआ।''

बेशक सर विलियम जोन्स की उच्च अपेक्षाएं की पूर्ति तुरंत बाद पूरी नहीं हुईं। इस प्रकाशन में कुछ एवं वर्षों की देरी हुई। सितंबर 1788 में लिखे एक पत्र में जोन्स ने लिखा, 'सोसाइटी ने अभी तक कुछ भी प्रकाशित नहीं किया है, लेकिन दो क्वार्टो वॉल्यूम के लिए सामग्री है एवं मुझे उम्मीद है कि अगले वसंत ऋतु में इनमें से एक को यूरोप भेज दिया जाएगा।' यह 1788 की बात है कि 'एशियाटिक रिसर्च' (इसके स्थान पर मूल रूप से सर जोन्स 'एशियाटिक मिस्केलनी' सोचा था) शीर्षक के तहत पहला वॉल्यूम पहली बार प्रकाशित हुआ जैसा कि राजेंद्रलाल मित्रा ने बताया, 'एशियाटिक रिसर्च' के पहले 4 खंडों में उनके द्वारा कम से कम 29 शोधपत्रों का योगदान दिया गया था एवं मनु का उनका अनुवाद, सौ वर्षों की अवधि तक मानक संदर्भ पाठ्य पुस्तक रहा था। उन्होंने कालिदास की 'शकुंतला' एवं जयदेव की 'गीतगोविंद' का भी अंग्रेजी में अनुवाद किया।' लेकिन शुरू में इस पत्रिका का प्रकाशन अनियमित रूप से ही होता था, इस अनियमित प्रकाशन का मुख्य कारण धन की कमी थी।

यह जेम्स प्रिंसेप ही थे, जिन्होंने पत्रिका को एक नए रूप के साथ निकालने की योजना बनाई थी। जर्नल का पहला अंक 'जर्नल ऑफ द एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' नाम से पहली बार 1832 में प्रकाशित हुआ था, जिसका उद्देश्य 'ऐसे प्राच्य विषयों का प्रचार करना था जैसे कि पुरातत्व, भाषाविद्, यात्री एवं प्रकृतिवादी लोग दुनिया के इस हिस्से में विस्तृत क्षेत्र एशिया में, अपने संबंधित कार्य के लिए जानकारी प्राप्त कर सके, एवं जहाँ तक साधन उपलब्धता रहेगी, घरेलू स्तर पर विज्ञानों की प्रगति को बढ़ावा देना, विशेष रूप से ऐसे विज्ञानों को जो किसी भी तरह से एशिया से जुड़े हुए हैं। इस जर्नल ने 1832 से शुरू होकर, तीन चरणों को पार किया एवं 1953 में चौथे चरण में प्रवेश किया, जब इसका मूल नाम बदलकर, अर्थात जर्नल ऑफ द एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल से बदलकर जर्नल ऑफ द एशियाटिक सोसाइटी कर दिया गया। इस जर्नल की शुरुआत के शुरुआती वर्षों में वापस जाएँ, तो वैज्ञानिक क्षेत्रों में लगभग सभी ऐतिहासिक खोजों एवं साहित्यिक एवं दस्तावेजी विश्लेषणों को जर्नल ऑफ द एशियाटिक सोसाइटी में प्रकाशित किया गया। जोन्स एवं प्रिंसेप के अलावा

हम ऐसे कुछ महत्वपूर्ण प्रकाशनों का उल्लेख कर सकते हैं, जिनका उल्लेख पहले ही किया जा चुका है। इस प्रकार हमारे पास एच एच विल्सन के ऐतिहासिक लेखन हैं, जिन्होंने अन्य रचनाओं के अलावा मेघदूत का एक सुंदर अनुवाद, ऋग्वेद के चौथे वॉल्यूम के बाद का अनुवाद एवं मैक्समूलर के वैदिक साहित्य की एक आलोचनात्मक समीक्षा की, राजेंद्रलाल मित्रा के अनुसार सोसाइटी के साथ इनका संबंध एक चौथाई सदी से अधिक समय तक रहा एवं जिनके कार्यकाल के दौरान सोसाइटी की स्थिरता एवं विश्वनीयता पूरी तरह से स्थापित हुई; एच. टी. कोलबरुक 1806 से 1815 तक दस वर्षों तक एशियाटिक सोसाइटी के अध्यक्ष रहे एवं जिन्होंने एशियाटिक सोसाइटी के कार्यों के लिए उन्नीस शोधपत्रों का योगदान दिया: वे एक महान गणितज्ञ, उत्साही खगोलशास्त्री एवं संस्कृत के प्रखर विद्वान थे एवं वे रॉयल एशियाटिक सोसाइटी ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एंड आयरलैंड के संस्थापक थे; ब्रायन ह्यूगटन, का सोसाइटी के लिए योगदान अब तक अज्ञात साहित्यिक एवं वैज्ञानिक क्षेत्रों में काम करने में था एवं जिन्होंने सोसाइटी को कुल 112 शोधपत्रों के अलावा बड़ी संख्या में मूल्यवान पांडुलिपियां एवं प्राकृतिक इतिहास के नमूने दान में दिए थे। उपर्युक्त व्यक्तियों के अलावा, जर्नल में सबसे अधिक बार योगदान देने वालों में से श्री एच एच पिडिंगटन, डॉ एच फाल्कनर, डॉ. जे कैम्पबेल, श्री क्सोमा डे कोरोस, कैप्टन जे डी कनिंघम, जनरल ए कनिंघम, कर्नल आर एवरेस्ट, श्री डब्ल्यू टी हैनफोर्ड, डॉ आर मित्रा एवं श्री एच ब्लोचमैन शामिल थे। जैसा कि राजेंद्रलाल मित्रा ने अपनी शताब्दी समीक्षा में विचार किया है, कि समीक्षाधीन अवधि के दौरान, सोसाइटी ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से एवं सूचकांक सहित, जर्नल के 84 वॉल्यूम एवं प्रोसीडिंग के 19 वॉल्यूम प्रकाशित किए थे। इसमें 103 वॉल्यूम मोटे तौर पर सटीक मुद्रित सामग्री के कुल 50,000 पत्रों शामिल हैं, इसमें असंख्य निबंधों, पत्रों, मोनोग्राफ एवं रुचिपूर्ण नोट्स से भरे हुए हैं। राजेंद्रलाल मित्रा ने स्वयं वर्ष 1856 में इन वॉल्यूम को भौतिक रूप से पढ़ने की कठिनाई को कम करने के लिए, वॉल्यूम की अनुक्रमणिका सावधानीपूर्वक तैयार की थी। यह प्रयास तब से लेकर अगले 150 वर्षों तक लेखकों द्वारा तैयार की गई अनुक्रमणिकाओं के माध्यम से जारी रहा है, जिसमें शिबदास चौधरी द्वारा तैयार की गई अनुक्रमणिका भी शामिल है। इस तरह की नवीनतम तैयार की गई अनुक्रमणिका अभी प्रेस में है।

उक्त शताब्दी समीक्षा (1784-1884) में, राजेंद्रलाल मित्रा ने उस अवधि तक एशियाटिक सोसाइटी की प्रकाशित सामग्री का एक अनुमानन हिसाब भी लगाया था। जैसा कि वे कहते हैं, 'इसने कुल 354 वॉल्यूम प्रकाशित किए हैं, जिनमें एशियाटिक रिसर्च एंड इंडेक्स के 21 वॉल्यूम, जर्नल एवं इंडेक्स के 84 वॉल्यूम, प्रोसिडिंग के 19 वॉल्यूम, विभिन्न प्रकार के प्राच्य कार्यों के 167 वॉल्यूम, भारत से संबंधित विविध कार्यों के 31 वॉल्यूम, विभिन्न प्रकार के कैटलॉग के 14 वॉल्यूम एवं 'संस्कृत पांडुलिपियों की सूचनाएं' के 18 वॉल्यूम शामिल हैं।' जैसा कि मित्रा कहते हैं, 'यह विश्व के अन्य भागों में अन्य एवं पुरानी सोसायटियों के कार्यों की तुलना में अत्यंत ही अनुकूल है' (शताब्दी समीक्षा, पी-81)

एशियाटिक सोसाइटी जर्नल में प्रकाशनों के अलावा, सोसाइटी ने एशियाटिक सोसाइटी में प्रकाशनों की एक एवं श्रृंखला भी शुरू की जिसे बिब्लियोथेका इंडिका श्रृंखला के रूप में जाना जाता है। 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में एवं उसके आसपास, सोसाइटी ने प्राच्य साहित्य, व्याकरण, शब्दकोशों एवं अध्ययनों के विभिन्न कार्यों एवं संस्कृत, पाली, प्राकृत, राजस्थानी, कश्मीरी, हिंदी, तिब्बती, फारसी, बंगला एवं अन्य भाषाओं के आलोचनात्मक संस्करणों को प्रकाशित करने का प्रयास किया।

इस श्रृंखला के अंतर्गत पंडित ईश्वर चंद्र विद्यासागर, डॉ. ए. स्प्रेंगर एवं जे.आर. बैलेंटाइन जैसे विद्वानों की कुछ रचनाएँ शामिल हैं। अल्मोड़ा में स्कोमा डी कोरोस के आगमन के बाद, तिब्बत में लंबे समय तक रहने के बाद, इस सोसाइटी द्वारा तिब्बती व्याकरण एवं शब्दकोश पर उनके विद्वत्तापूर्ण कार्यों को प्रकाशित किया गया। प्रकाशनों की इस श्रृंखला की उत्पत्ति का वर्णन राजेंद्रलाल मित्रा ने अपनी शताब्दी समीक्षा में इस प्रकार किया है, ''... उस समय 'बंबई की साहित्यिक सोसाइटी' के अध्यक्ष सर जेम्स मैकिंटोश, ने संस्कृत ग्रंथों के नियमित प्रकाशन के लिए एक योजना प्रस्तुत की एवं 2 जुलाई, 1808 को एशियाटिक सोसाइटी ने समय-समय पर, जहां तक धनराशि के अनुमोदन का प्रश्न होगा, एशियाटिक शोधों से अलग खंडों में, संस्कृत एवं अन्य एशियाई भाषाओं में लघु कार्यों के अनुवाद, या इन भाषाओं में बड़ी पुस्तकों के उद्धरण एवं वर्णनात्मक विवरण प्रकाशित करने का संकल्प लिया, जो सोसाइटी को प्रस्तुत किए जा सकते हैं एवं

प्रकाशन के योग्य प्रतीत होते हैं'' तथा इन प्रकाशनों को सभी एशियाई पुस्तकों को शामिल करने के लिए विस्तार दिया जा सकता है, 'वोल्यूम की श्रृंखला का शीर्षक 'बिब्लियोथेका एशियाटिका' या उद्धरणों एवं अनुवादों सहित एशियाई पुस्तकों की वर्णनात्मक सूची हो'' (राजेंद्रलाल मित्रा, शताब्दी समीक्षा, पृष्ठ-56)। 19वीं शताब्दी के चालीसवें दशक में शुरू की गई यह बिब्लियोथेका इंडिका श्रृंखला तब से लगातार काम कर रही है एवं बहुमूल्य पुस्तकों एवं पांडुलिपियों के प्रकाशन में सहायक रही है।

हिंदू कॉलेज एवं संबंधित गतिविधियाँ

हिंदू कॉलेज की स्थापना वर्ष 1817 में हुई थी। कॉलेज की स्थापना पश्चिमी शिक्षा की बढ़ती मांग का प्रतीक थी। शुरू से ही यह सुनिश्चित किया गया था कि हिंदू कॉलेज गहन हिंदू धर्मशास्त्र एवं तत्वमीमांसा नहीं पढ़ाएगा बल्कि ह्यूम, रीड, बेंथम, मिल या अन्य जैसे विचारकों को पढ़ाएगा। हिंदू कॉलेज के एक छात्र अधीर चंद्र दास ने अपने अनुभव के बारे में लिखते हुए बताया कि, ''मैंने पहले ही उदार शिक्षाओं का आशीर्वाद प्राप्त किया है ... एवं फिर भी मुझे जो शिक्षा मिली है, उसने मुझे ऐसे सिद्धांत सिखाए हैं जो मेरे पूर्वजों द्वारा बताए गए एवं अभ्यास किए गए सिद्धांतों के विपरीत हैं।'' बेशक, इस प्रक्रिया में पश्चिमी ज्ञान के लिए कोई मिश्रित प्रशंसा नहीं थी, बल्कि कई लोगों की ओर से पूर्वी एवं पश्चिमी विचारों के तत्वों को जोड़ने, प्राचीन एवं आधुनिक समय की सभ्यताओं को जोड़ने का प्रयास था। सामाजिक सुधार के लिए उत्साह एवं सामाजिक संस्थाओं एवं प्रक्रियाओं के अध्ययन के लिए तर्कसंगत दृष्टिकोण अपनाने के परिणामस्वरूप विभिन्न संघों की स्थापना हुई, जैसे तत्वबोधिनी सभा, द सोसाइटी फॉर द एक्विजिसन ऑफ जनरल नॉलेज, धर्म सभा, बंगाल ब्रिटिश इंडियन सोसाइटी या बेथ्यून सोसाइटी। ज्यादातर मामलों में, उन समितियों या संघों की शुरुआत एवं संचालन नए स्कूलों के पूर्व छात्रों द्वारा किया गया था।

इस प्रकार डेरोजियो एवं उनके छात्रों ने 1828 में अकादमिक एसोसिएशन की शुरुआत की। विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर अपने अडिग रुख के कारण, यंग बेंगल्स, जैसा कि वे जाने जाते थे एवं उन्हें भारत के एथेनियन माना जाता था, उनकी पत्रिकाएँ, पार्थेनन एवं ज्ञानेश्वरन ने सामाजिक मुद्दों पर मुक्त अभिव्यक्ति मंच के रूप में काम किया। उनके नए भगवान बेकन, लोके, ह्यूम, स्मिथ, पेन या बेंथम थे। लेकिन अपने अधिकता के कारण, उन्होंने रूढ़वादियों एवं सुधारवादियों के क्रोध का सामना करना पड़ा एवं हेनरी डेरोजियो की अचानक मृत्यु के कारण, एसोसिएशन जल्द ही बंद हो गया।

हिंदू धर्म के खिलाफ उनके विद्रोह के नगण्य प्रभाव एवं रूढ़वादी हिंदू समाज के सख्त जवाबी कार्रवाई के प्रभाव से कुछ हद तक निराश होकर, अधिकांश डेरोजियन अंततः शराब के आदि हो गए। अरबिंद घोष ने व्यंग्यात्मक लहजे में उनके बारे में बताया है वे खूब पढ़ते थे, खूब लिखते थे, खूब सोचते थे एवं खूब शराब पीते थे। अकादमिक एसोसिएशन के बंद होने के बाद, सामान्य ज्ञान प्राप्ति के लिए सोसाइटी का गठन किया गया एवं इस संबंध में तारिणी चरण बनर्जी, रामगोपाल घोष, रामतनु लाहिड़ी, ताराचंद चक्रवर्ती एवं राज कृष्ण डे जैसे समकालीन बौद्धिक दिग्गजों ने पहल की। सोसाइटी का घोषित उद्देश्य अध्ययन के प्रति दृढ़ एवं सुव्यवस्थित प्रेम पैदा करना था, जो हमें सीखने की सतह से आगे बढ़कर गहराई तक ले जाएगा एवं हमें विषयों पर सम्मानजनक ज्ञान प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा।

एवं हमें सामान्य एवं विशेष रूप से स्थानीय हित के मामलों पर एक सम्मानजनक ज्ञान प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा। इस सोसाइटी के कार्यों से पता चलता है कि वहाँ प्रस्तुत पत्रों की प्रकृति कितनी विविध थी: शिक्षित मूल निवासियों में सुधार, श्रधेय केएम बनर्जी द्वारा 'ऐतिहासिक अध्ययनों की प्रकृति एवं महत्व', पीरी चंद मित्रा द्वारा 'हिंदू महिलाओं की स्थिति पर एक रेखांकन', प्रसन्नो कुमार मित्रा द्वारा 'सूक्ष्म विश्लेषण का दर्शन' आदि प्रस्तुत विषयों की विविधता एवं उनका अनुभवजन्य प्रवृति से पता चलता है कि वे अपने शोध के विषयों का चयन करने में कितने उद्देश्यपूर्ण एवं वैज्ञानिक थे।

यहाँ यह उल्लेख किया जा सकता है कि 1833 की शुरुआत में, उन्होंने वैज्ञानिक विषयों पर द्विभाषी मासिक 'विज्ञान स्वर संग्रह' भी निकाला। उनका उद्देश्य यूरोपीय साहित्य एवं विज्ञान की रचनाओं से ऐसे चयन प्रकाशित करना था जो उनकी नैतिक भावनाओं के दायरे को बढ़ा सकें।

तत्वबोधिनी सभा, तत्वबोधिनी पत्रिका एवं अक्षय कुमार दत्त

तत्वबोधिनी सभा की स्थापना 1830 में ब्रह्म समाज के उत्तराधिकारी के रूप में की गई थी। हालाँकि सभा का घोषित उद्देश्य था - 'ब्रह्म धर्म का व्यापक प्रचार-प्रसार' था, लेकिन अंततः यह सामाजिक कुरीतियों के विश्लेषण एवं सुधार का मंच बन गया। तत्वबोधिनी पत्रिका सभा की ऐसी सामाजिक चिंताओं का मुख्य पत्र बन गई। पत्रिका में प्रकाशित लेखों के अवलोकन से यह बात स्पष्ट हो जाएगी। आर.सी. दत्ता यह टिप्पणी की है, वैज्ञानिक लेख, नैतिक निर्देश, विभिन्न देशों एवं जनजातियों का विवरण, सजीव एवं निर्जीव रचनाओं की कहानियां - जो बंगाल की बौद्धिक क्षमता को बढ़ा सकती थीं एवं अज्ञानता एवं पूर्वाग्रहों को दूर कर सकती थीं, उन्हें तत्वबोधिनि पत्रिका में एक सुविधाजनक माध्यम मिल गया। पत्रिका के लेखों पर वैज्ञानिक प्रवृति एवं उनके सामाजिक सरोकारों ने उस समय प्रत्यक्षवादी प्रवृति का एक प्रमुख माध्यम बना दिया था। श्री एन.के. बोस ने यही कहा था, तत्वबोधिनी सभा एवं तत्वबोधिनी पत्रिका को बंगाल के नैतिक एवं बौद्धिक पुनर्निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी थी। इस पत्रिका में विज्ञान, इतिहास एवं सामाजिक मामलों पर जानकारी प्रकाशित की; ईसाई मिशनरियों द्वारा लगाए गए आरोपों का जवाब दिया गया एवं यद्यपि इसने रक्षात्मक भूमिका निभाई, इसने लोगों को अपनी सभ्यता के सुधार वाले रूप पर गर्व महसूस कराया, एवं पश्चिम देशों द्वारा प्रस्तुत सर्वोत्तम तत्वों को स्वीकार करने का आधार बनाकर गर्वान्वित करवाया। तत्त्वबोधिनी पत्रिका के पीछे मुख्य व्यक्ति अक्षय कुमार दत्ता (1820-1886) थे, जो पूरी तरह से बुद्धिवादी एवं स्वभाव से वैज्ञानिक थे। वह मनुष्य के बाहरी प्रकृति के साथ संबंधों से चिंतित थे एवं उनकी योजना में ईश्वर या किसी भी अलौकिक अस्तित्व का कोई महत्व नहीं है। उन्होंने निम्नलिखित समीकरण भी तैयार किया:

श्रम = फसल

प्रार्थना + श्रम = फसल

अतः, प्रार्थना = 0

अक्षय कुमार के सकारात्मक दृष्टिकोण ने उन्हें यह विश्वास दिलाया कि मानव अस्तित्व का एकमात्र आदर्श मानवता की सेवा करना है। यह ध्यान रखना दिलचस्प है कि विद्यासागर पत्रिका के संचालन में अक्षय कुमार के साथ जुड़े थे। वे दोनों पूरी तरह से धर्मनिरपेक्ष थे। एक बार, जब एक व्यक्ति ने पत्रिका चलाने के तरीके के बारे में देवेंद्रनाथ से शिकायत की, तो देवेंद्रनाथ ने टिप्पणी की, 'कोटोकगुली नास्तक मिले पत्रिका चलाछे' (कई नास्तिक लोग मिलकर पत्रिका चला रहे हैं)। अक्षय कुमार ने अपने लेखन के माध्यम से, अपराधशास्त्र एवं दंडशास्त्र, शिक्षा के समाजशास्त्र एवं व्यक्ति एवं समाज के बीच जैविक संबंध के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने बंगाल में किसानों की दयनीय स्थिति एवं सामान्य कृषि स्थिति के बारे में भी जनता का ध्यान आकर्षित किया। हिंदू पैट्रियट ने अक्षय कुमार को बंगाल में विद्वानों के गणतंत्र का आभूषण बताया है।

बंगाल में बौद्धिक पुनर्जागरण एवं सामाजिक पुनर्निर्माण की प्रक्रिया में राममोहन, विद्यासागर एवं भूदेव मुखोपाध्याय की भूमिका को कई अन्य लोगों ने भी समान रूप से सहानुभूतिपूर्वक देखा है एवं हम यहां उनके बारे में विस्तृत चर्चा नहीं कर रहे हैं।

बेथ्यून सोसाइटी

मोवाट नाम के एक अंग्रेज व्यक्ति ने ड्रिंकवाटर बेथ्यून के सम्मान में 1851 में बेथ्यून सोसाइटी की स्थापना की थी। सोसाइटी का घोषित उद्देश्य बंगाल के शिक्षित मूल निवासियों में साहित्यिक एवं वैज्ञानिक गतिविधियों के प्रति रुचि को बढ़ावा देना एवं जिसे अन्य तरीकों से प्राप्त करने से अधिक स्वतंत्र बौद्धिक संवाद को प्रोत्साहित करना था। इस उद्देश्य से, सोसाइटी ने विभिन्न सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा संबंधी कार्य शुरू किया। 1858-59 में, सोसाइटी की शैक्षणिक गतिविधियों को छह वर्गों में विभाजित किया गया था। ये इस प्रकार थे: (i) सामान्य शिक्षा (ii) साहित्य एवं दर्शन (iii) विज्ञान एवं कला (iv) चिकित्सा एवं स्वच्छता सुधार (v) समाजशास्त्र एवं (vi) महिला शिक्षा। रेव जेम्स लॉन्ग समाजशास्त्र अनुभाग के प्रभारी थे। जेम्स लॉन्ग का दृष्टिकोण पूरी तरह से अनुभवजन्य था। उन्होंने मूल निवासियों की सामाजिक स्थितियों की जांच की आवश्यकता वाले विषयों में 50 प्रश्न तैयार किए। वस्तुनिष्ठता इस नए अनुशासन का एकमात्र उद्देश्य था। उन्होंने कहा कि बारीकी से अवलोकन के अभ्यास के बिना, समाजशास्त्र में न के बराबर प्रगति होगी, जिसे पुस्तकों से नहीं

बल्कि व्यक्तियों एवं वस्तुओं के व्यक्तिगत अवलोकन से प्रस्तुत किया जाना चाहिए। जेम्स लॉन्ग द्वारा तैयार प्रश्नावली इतने विवरणों से भरी हुई थी कि जैसा कि सोसाइटी के अध्यक्ष आदरणीय ए. डफ ने टिप्पणी की, भले ही आधे प्रश्नों का ईमानदारी से उत्तर दिया गया हो, 'उनसे एक वॉल्यूम तैयार किया जा सकता है, जो प्राच्य साहित्य की कहानी को सँवारने का काम करेगा।' यहाँ यह उल्लेख किया जा सकता है कि प्रसिद्ध लाल बिहारी डे समाजशास्त्र अनुभाग के सचिव थे एवं उन्होंने ग्राम अध्ययन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। न्यायमूर्ति द्वारकानाथ मित्रा बेथ्यून सोसाइटी के 'महिला सुधार एवं सुधार अनुभाग' के अध्यक्ष थे, महान प्रत्यक्षवादी थे एवं बंगाल में प्रत्यक्षवादी आंदोलन की अग्रिम पंक्ति में थे जिसकी हम बाद में चर्चा करेंगे। बेथ्यून सोसाइटी के योगदानों का सारांश देते हुए, प्रो. बेला दत्ता गुप्ता कहते हैं, बेथ्यून सोसाइटी का पुनर्जागरण योगदान अद्वितीय था। कोई अन्य संगठन बेथ्यून सोसाइटी जैसी बौद्धिक जागृति एवं गतिविधियाँ नहीं ला सका। बेथ्यून सोसाइटी ने 1870 से काम करना बंद कर दिया।

बेथ्यून सोसाइटी से कुछ हद तक स्वतंत्र लेकिन वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं विश्लेषण के आधार पर कर्म सिद्धांत के विरासत को आगे बढ़ाते हुए, हम यहाँ ग्रामीण समाज एवं किसानों की स्थिति पर तीन अन्य कार्यों का उल्लेख करेंगे एवं ये सभी भारतीयों द्वारा किए गए थे। इसमें शामिल हैं प्रसिद्ध लाल बिहारी डे द्वारा बंगाल किसान जीवन (1872), रमेश चंद्र दत्ता द्वारा बंगाल का किसान (1874), अभय चरण दास द्वारा भारतीय रैयत (1881)। इन तीनों पुस्तकों ने ग्रामीण बंगाल में जीवन की पेचीदगियों एवं जटिलताओं को समझने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। लाल बिहारी डे की अन्य कृतियाँ, गोबिंद सामंत, ने चालस डेलविन, का भी ध्यान आकर्षित किया जिन्होंने यह टिप्पणी की, मुझे खुशी होगी यदि आप उन्हें मेरी ओर से हार्दिक बधाई कहे एवं कुछ साल पहले गोबिंद सामंत को पढ़ने से मुझे अत्यंत ही आनंद का अनुभव मिला एवं शिक्षा भी प्राप्त हुई। रमेश चंद्र दत्त की पुस्तक 'बंगाल का किसान' का उपशीर्षक इसकी प्रकृति के बारे में बताता है: हिंदू, मोहम्मडन एवं अंग्रेजी शासन के के अधीन उनकी स्थिति एवं उनके भविष्य की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए गणना किए गए साधनों पर विचार किया गया। दूसरी किताब, यानी, द इंडियन रैयट्स में यूरोपीय देशों एवं भारत में कृषि की आर्थिक स्थिति की व्याख्या है। पुस्तक के प्रकाशित होने के समय ऐसा तुलनात्मक सुधार करना अकल्पनीय था। यह तुलनात्मक कृषि अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण संस्थाओं पर एक अग्रणी अध्ययन है।

बंगाल सामाजिक विज्ञान संघ

आदरणीय जेम्स लॉन्ग एवं मिस मैरी कारपेंटर की पहल पर बंगाल सामाजिक विज्ञान संघ का गठन 1867 में किया गया था। इस संघ की शुरुआत 17 दिसंबर 1866 को एशियाटिक सोसाइटी में बंगाल के लेफ्टिनेंट गवर्नर एवं बड़ी संख्या में यूरोपीय एवं भारतीय लोगों की मौजूदगी में हुई थी, जहाँ इस तरह के संघ के गठन का प्रस्ताव लिया गया था, ताकि 'देश के लोगों एवं परिस्थितियों' का अध्ययन किया जा सके। अनंतिम समिति में यूरोपीय दिग्गजों के अलावा पीरी चंद मित्रा, राम चंद्र राम चंद्र मित्रा, केशव चौधरी सेन, मोनमोहन घोष, देबेंद्रनाथ टैगोर, राजेंद्र लाल मित्रा, ईश्वर चंद्र विद्यासागर एवं अन्य उपस्थित थे। संघ का उद्देश्य बंगाल के लोगों की सामाजिक, नैतिक एवं बौद्धिक स्थितियों से संबंधित तथ्यों की श्रृंखला को इकट्ठा करना, व्यवस्थित करना एवं वर्गीकृत करना था... संघ का सबसे स्पष्ट उद्देश्य बंगाल प्रेसीडेंसी में सामाजिक विज्ञान के विकास को बढ़ावा देना था। इन उद्देश्यों को साकार करने के लिए, चार शैक्षणिक अनुभाग बनाए गए थे (1) न्यायशास्त्र एवं कानून (2) शिक्षा (3) स्वास्थ्य (4) अर्थव्यवस्था एवं व्यापार। ये अनुभाग वार्षिक बैठक आयोजित करेंगे, शोधपत्र आमंत्रित करेंगे जिनके लिए निश्चित दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए थे एवं विचार-विमर्श के बाद, इन्हें संघ के कार्य में मुद्रित किया जाएगा। प्रत्येक अनुभाग के लिए जांच के प्रमुख या प्रमुख निर्धारित किए गए थे एवं शोधपत्र आमंत्रित किए गए थे। उदाहरण के लिए, अर्थव्यवस्था एवं व्यापार वाले अनुभाग में, निम्नलिखित अकादमिक उपविभाग बनाए गए थे, अर्थात बैंकिंग एवं मुद्रा; श्रम; कृषि; सामाजिक अर्थव्यवस्था एवं प्रत्येक उपविभाग में, जांच क्षेत्रों की पहचान की गई थी। इन सत्रों में प्रस्तुत किए गए शोधपत्र वस्तुनिष्ठ, विश्लेषणात्मक एवं विस्तृत थे। वे सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते थे, जैसे, उनमें (शोधपत्रों को) यथासंभव तथ्यों एवं प्रश्न से संबंधित अवलोकनों के संबंध तक सीमित रखा जाना चाहिए तथा जहाँ तक संभव हो, सामान्य सिद्धांतों, दार्शनिक सिद्धांतों एवं प्रतिबिंबों के उद्घोषणा से बचना चाहिए। वस्तुत: यह बिल्कुल

सच है कि सामाजिक विज्ञान के प्रचार-प्रसार के लिए यह आवश्यक है कि सुनिश्चित तथ्यों से निष्कर्ष निकाले जाएं... (पेपर के संबंध में विनियम, नियम 8)

1867 से 1878 तक एसोसिएशन के वार्षिक सत्रों के विभिन्न वर्गों में प्रस्तुत किए गए पेपरों का नाम लेने में ही दर्जनों पृष्ठ लग जाएंगे। साथ में, वे हिंदुओं एवं मुसलमानों, पुरुषों एवं महिलाओं, कारीगरों, मजदूरों एवं शिक्षितों, ग्रामीण एवं शहरी निवासियों, अर्थव्यवस्था एवं व्यापार सहित लोगों के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन के विभिन्न पहलुओं पर मूल्यवान सूचना एवं पर्यवेक्षण हैं। जैसा कि कहा गया है बंगाल सामाजिक विज्ञान संघ के विभिन्न वर्गों में काफी महत्वपूर्ण पेपर प्रस्तुत किए गए थे। भारतीय समाज उनके अध्ययन का केंद्र था; इस प्रकार, मानवीय संबंधों से संबंधित हर चीज, जैसे भाषा एवं साहित्य, रीति-रिवाज एवं लोकगीत, रीति-रिवाज एवं अनुष्ठान, कहावतें एवं कथन, पुरुषों एवं महिलाओं का आर्थिक संगठन एवं अन्य का गहन अध्ययन किया जाने लगा एवं विभिन्न वर्गों में चर्चा की जाने लगी। फिर से, बंगाल सामाजिक विज्ञान संघ में पढ़े गए शोधपत्रों पर एक नजर डालने से कोई भी उनके तर्क, विद्वता एवं वस्तुनिष्ठता के उच्च मानक के आश्वस्त हो जाएगा। जैसे-जैसे यह परिपक्व होता गया, अनुभववाद एवं वस्तुनिष्ठता संघ के लगभग प्रमुख शब्द बन गए।''

बंगाल सामाजिक विज्ञान संघ लंबे समय तक नहीं चल सका एवं 1878 से अस्तित्व में नहीं रहा। आंतरिक कलह इसका एक मुख्य कारण था। 1867 में ही राजेंद्रलाल मित्रा ने एक प्रस्ताव पेश किया था कि संघ एक निकाय के रूप में किसी भी सामाजिक प्रश्न पर अपनी राय व्यक्त करने से परहेज करेगा जो उसके ध्यान में लाया जा सकता है एवं देश के किसी भी कानून या रीति - रिवाज में संशोधन के लिए कोई कार्रवाई नहीं करेगा। इस अनुरोध को खारिज किए जाने पर राजेंद्रलाल मित्रा, रोमनाथ टैगोर, दिगंबर मित्रा, ज्योतिंद्र मोहन टैगोर एवं ग्रीश चंद्र घोष ने संघ से इस्तीफा दे दिया। संघ को देशी बुद्धिजीवियों द्वारा भी संदेह की दृष्टि से देखा जाता था। उस समय व्यापक रूप से प्रसारित समकालीन समाचार पत्र 'हिंदू पैट्रियट' में एक लेख इस बात की पुष्टि करता है। संदेह यह था कि कुछ स्वार्थी देशी बुद्धिजीवी अंग्रेजों से अनुग्रह प्राप्त करने के लिए वहां एकत्र हुए थे। संदेह निराधार था लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि 1878 के बाद बंगाल सामाजिक विज्ञान संघ जारी नहीं रह सका।

बंगाल में प्रत्यक्षवादी आंदोलन

1860 के दशक के अंत से शुरू होकर, बंगाल में एक और आंदोलन हुआ, अर्थात प्रत्यक्षवादी आंदोलन। यूरोप में प्रत्यक्षवाद एवं कॉम्टे के प्रभाव के साथ-साथ, बंगाल में भी प्रत्यक्षवादियों का एक मजबूत समूह उभरा। संक्षेप में, जैसा कि दर्शनशास्त्र के विश्वकोश ने इसे परिभाषित किया है, प्रत्यक्षवाद का मानना है कि विज्ञान ही एकमात्र वैध ज्ञान है एवं तथ्य ही ज्ञान की एकमात्र संभावित वस्तु है, दर्शनशास्त्र में विज्ञान से भिन्न कोई पद्धति नहीं है एवं दर्शनशास्त्र का कार्य सभी विज्ञानों में सामान्य सिद्धांतों को खोजना है एवं इन सिद्धांतों को मानव आचरण के मार्गदर्शक के रूप में एवं सामाजिक संगठन के आधार के रूप में उपयोग करना है।

यह सत्य है, एक दृष्टिकोण के रूप में प्रत्यक्षवाद कॉम्टे से पहले यूरोप में मौजूद था। प्रत्यक्षवाद की उत्पत्ति कि बीज 17वीं सदी के बेकन, हॉब्स एवं लॉक तथा 18वीं सदी के कोंडोरसेट, जेम्स मिल, बेंथम एवं ह्यूम जैसे विचारकों में देखी जा सकती है। जैसा कि बेला दत्तगुप्ता कहती हैं, प्रत्यक्षवाद का सार संपूर्ण अनुभववादी परंपरा एवं विशेष रूप से 18वीं सदी के सनसनीखेज दर्शन में पाया जा सकता है। 19वीं सदी के प्रत्यक्षवादियों पर यह दायित्व आ गया कि वे इस बात का अन्वेषण करें एवं उसका विस्तार करें कि सभी ज्ञान इंद्रिय बोध से प्राप्त होते हैं।''

इसी तरह भारत में भी सत्य को जानने के साधन के रूप में इंद्रिय बोध को प्रमुखता दी गई, न कि ईश्वर जैसी किसी अतिरिक्त इंद्रिय एजेंसी को, जैसा कि पहले के दर्शनों में था। वैदिक काल में भी संशयवादी, अज्ञेयवादी एवं नास्तिक थे। चार्वाकों/लोकायतों ने ऐसी सभी पिछली विशेषताओं को आत्मसात कर लिया था एवं अंततः दर्शन की एक ऐसी प्रणाली का निर्माण किया जो पूरी तरह से तर्कसंगत थी एवं उन सभी सिद्धांतों के विपरीत थी जो इंद्रिय बोध पर आधारित नहीं थे।

अगर हम अक्षय कुमार दत्ता के कार्यों को देखें, तो ऐसा लगेगा कि वे बेकन के अनुयायी थे, बेकन एवं कॉम्टे के कार्यों को हमने

'हमारा शास्त्र' माना, ठीक वैसे ही जैसे भास्कर एवं आर्यभट्ट तथा न्यूटन एवं लाप्लास के कार्य थे। डेरोजियो एवं उनके शिष्यों की गतिविधियों में जीवन के प्रति एक संपूर्ण तर्कवादी दृष्टिकोण स्पष्ट था। सुशोभन सरकार ने डेरोजियो को हमारे पुनर्जागरण का तूफानी स्तंभ कहा है। डेरोजियनों के लिए, टॉम पेन का एज ऑफ रीजन नया सुसमाचार था। उनकी अल्पकालिक पत्रिका, द इन्क्वायरर एवं द्विभाषी पत्रिका 'ज्ञानवेशान' ने विद्यासागर से भी पहले विधवा पुनर्विवाह की जोरदार वकालत की थी। लेकिन एक एकीकृत दृष्टिकोण एवं एक दर्शन के रूप में प्रत्यक्षवाद को यूरोप में कॉम्टे के लेखन में एवं बंगाल में उन लोगों के माध्यम से प्रचारित किया गया, जो कॉम्टे के शिष्य होने का दावा करते थे। उन्हें हिंदू धर्म के सभी सिद्धांतों को चुनौती देने की जरूरत नहीं थी क्योंकि प्रत्यक्षवाद ने परंपरा एवं आधुनिकता के विवेकपूर्ण योग पर बल देता था। उनमें, हम न केवल जोगेंद्र चंद्र घोष, नागेंद्रनाथ घोष एवं कृष्णकमल भट्टाचार्य के नाम पाते हैं, बल्कि रवींद्रनाथ टैगोर के बहनोई जानकीनाथ घोषाल, प्रसिद्ध कवि हेमचंद्र बनर्जी एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले अध्यक्ष डब्ल्यू.सी. बनर्जी जैसे नाम भी पाते हैं। एक एवं नाम है, यानी ईश्वर चंद्र बनर्जी, जो फोबस के अनुसार, हमारे विद्यासागर के अलावा कोई नहीं, एवं द्वारका नाथ म्हरा, जो विद्यासागर के मित्र हैं एवं प्रसिद्ध वकील भी है, जिन्होंने अगस्त कॉम्टे को मूल रूप से पढ़ने के लिए फ्रेंच भाषा सीखी थी। बंगाल में प्रत्यक्षवाद के प्रचार - प्रसार में, स्थानीय बुद्धिजीवियों को प्रभावित करने वाले विदेशी रिचर्ड कांग्रेव, सैमुएल लॉब एवं के.एस. मैकडोनाल्ड हैं। उनसे सबसे अधिक प्रभावित गेरिश चंद्र घोष एवं न्यायमूर्ति द्वारकानाथ मित्रा थे। उनके प्रभाव में 1873 में कलकत्ता में एक प्रत्यक्षवादी क्लब की स्थापना की गई, जिसका आदर्श वाक्य था 'आधार के लिए व्यवस्था, सिद्धांतों के लिए प्रेम एवं लक्ष्य के लिए प्रगति।' विजय कृष्ण गोस्वामी, जो बाद में एक पूर्ण धार्मिक व्यक्ति निकले एवं उन्होंने प्रत्यक्षवाद के नास्तिक पहलुओं को अस्वीकार कर दिया, उसने उसी समय समाज सेवा एवं मानवता के धर्म के प्रत्यक्षवादी आदर्श को बनाए रखा। सतीश चंद्र ने हिंदू सामाजिक मामलों की प्रत्यक्षवादी दृष्टिकोण से व्याख्या करते हुए द डॉन में लेख प्रकाशित किए। कृष्णकमल भट्टाचार्य बंगाली में प्रत्यक्षवादी दृष्टिकोण से लेख लिख रहे थे एवं उन्होंने घोषणा की कि मैं नास्तिक हूँ, मैं प्रत्यक्षवादी हूँ। हिंदू संयुक्त परिवार एवं जाति व्यवस्था पर जोगेंद्र चंद्र घोष के लेख प्रत्यक्षवादी दृष्टिकोण से लिखे गए थे। ऐसा लगता है कि 1850 के दशक से 1870 के दशक तक बंगाली बौद्धिक परिदृश्य पर प्रत्यक्षवाद हावी रहा। कॉम्टे के दर्शन ने समकालीन बंगाल को प्रभावित किया एवं बंगाली में एक पत्र लिखते हुए एक प्रत्यक्षवादी ने पुष्टि की, कोई भी गंभीर जिज्ञासु 'कैटेचिज्म' एवं 'द कैटेचिज्म' जैसे कार्यों का अध्ययन नहीं कर सकता है। ' एवं 'प्रत्यक्षवादी राजनीति' में व्याप्त नैतिक उत्साह से प्रभावित हुए बिना कोई भी व्यक्ति इसे नहीं समझ सकता।' हालांकि, बंगाल में प्रत्यक्षवाद का कोई भी विवरण बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के नाम का उल्लेख किए बिना पूरा नहीं होगा, जो एक सच्चे अर्थ में प्रत्यक्षवादी थे। हालांकि कॉम्टे के 'मानवता का धर्म' एक अवैयक्तिक ईश्वर के रूप में एवं नास्तिकता के सिद्धांतों पर आधारित है, लेकिन अंततः बंकिम के लेखन में इसकी पुष्टि नहीं हुई एवं हालांकि बंकिम, बेंथम एवं जेम्स मिल के उपयोगितावाद के इस सिद्धांत से अधिक प्रभावित थे, लेकिन बंकिम के विचार पर कॉम्टे के प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ब्रजेंद्रनाथ सील कहते हैं, जाहिर है कि मिल, स्पेंसर एवं डार्विन जैसे विचारकों द्वारा मनुष्य एवं ब्रह्मांड पर रखे गए विचारों ने बंकिम चंद्र की हिंदू धर्म एवं दर्शन की व्याख्या को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है, लेकिन सबसे गहरा प्रभाव ऑगस्टे कॉम्टे का रहा है, जिनकी प्रत्यक्षवादी राजनीति एवं धर्म हमारे लेखक द्वारा घरेलू, सामाजिक एवं राजनीतिक विचारों एवं संस्थाओं एवं राष्ट्रीय जीवन के निर्माण एवं संरक्षण पर कही गई लगभग हर बात में दिखाई देते हैं।

बंकिम का प्रत्यक्षवाद के प्रति समर्पण उनके धर्मतत्व (1884-85) में सबसे अधिक स्पष्ट हुआ। बंकिम द्वारा दी गई धर्म की परिभाषा यह है: धर्म अपने आप में पूर्ण एकता की स्थिति को व्यक्त करता है जो एक व्यक्ति एवं समाज दोनों के रूप में मनुष्य के अस्तित्व की विशिष्ट पहचान है, जब उसकी प्रकृति के सभी घटक भाग, नैतिक एवं शारीरिक, आदतन एक ही सामान्य उद्देश्य की ओर अभिसरित हो जाते हैं। इसलिए धर्म की यह परिभाषा बुद्धिवादी एवं मानवतावादी दोनों है। उन्होंने कॉम्टे की तरह ही मनुष्य की प्रकृति के घटक भागों, नैतिक एवं शारीर से शुरुआत की, हालांकि उन्होंने उनका अभिसरण अमूर्त 'मानवता' (जैसा कि कॉम्टे ने किया था) में नहीं बल्कि एक व्यक्तिगत सर्वेश्वरवादी ईश्वर में चाहा। वास्तव में बंकिम के शुरुआती लेखों में भी कॉम्टे

का उल्लेख मिलता है। नवजीवन के शुरुआती अंक में बंकिम ने धर्मजिज्ञासा शीर्षक के तहत एक लेख लिखा, जिसमें धर्म की मानवतावादी परिभाषा के प्रति अपनी प्राथमिकता को स्पष्ट रूप से दर्शाया गया एवं कॉम्टे द्वारा प्रस्तावित परिभाषा को वास्तव में उद्धृत किया गया। प्रचार में भी उन्होंने 'हिंदू धर्म' शीर्षक से एक लेख लिखा, जिसमें उन्होंने उसी मानवतावादी दृष्टिकोण का अनुसरण करते हुए कहा कि 'केवल वही सच्चा धर्म है जो शारीरिक, मानसिक एवं सामाज में मानव विकास को आगे बढ़ाता है।' अपने धर्मतत्व (कृष्णचरित्र) के बारे में बिनॉय कुमार सरकार ने एक समीकरण प्रस्तुत किया:

'धर्मतत्व' (कृष्णचरित्र) = गीताद्धकॉम्टे,

अधिक विस्तृत चर्चा में जाए बिना यह कहा जा सकता है कि नास्तिकता के विचार को छोड़कर बंकिम जी, कॉम्टे से बहुत प्रभावित थे, जितना कि वे उपयोगितावाद से प्रभावित थे। ऐसे वैज्ञानिक मत जो प्रत्यक्षवाद में है, वैसी बंकिम के लेखन में थी। यह जानते हुए कि हिंदू दर्शन का आधार निगमनात्मक ज्ञान है, बंकिम ने इसका सामना करने के लिए वैज्ञानिक संस्कृति को विकसित करने की वकालत की।

उन्होंने दलील दी कि ब्रह्मांड कुछ अपरिवर्तनीय भौतिक नियमों द्वारा संचालित होते है एवं अपनी राय व्यक्त की, कि हिंदू दर्शन के अमूर्त, आध्यात्मिक, चिंतन पर 'नियम की संप्रभुता की अचल मान्यता' है, विज्ञान का ज्ञान एवं वैज्ञानिक सोच समय की अनिवार्य आवश्यकता थी। वैज्ञानिक सोच को लोकप्रिय बनाने के लिए बंकिम ने 'विज्ञान रहस्य' लिखा, जिसमें 'प्रोटोप्लाज्म', 'मनुष्य की आयु', 'आसमान में उड़ान', 'धूल' एवं ऐसे ही कई अन्य लेख शामिल हैं। इसका उद्देश्य विज्ञान को लोकप्रिय बनाना एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना था। यह कहा जा सकता है कि यह बंकिम के प्रत्यक्षवादी दृष्टिकोण का एक और उदाहरण था।

इसलिए, अगर हम १९वीं सदी के सामाजिक विचारकों को देखें तो पाएंगे कि उन्होंने सामाजिक व्यवस्था के आधारों के बारे में मौलिक सामाजिक प्रश्न उठाए। सदियों से प्रचलित रीति-रिवाज, संस्थाएँ एवं मान्यताएँ उनके जिज्ञासु मन से प्रश्न करने लगी एवं इन सामाजिक प्रश्नों एवं मुद्दों को उठाते हुए उन्होंने न केवल अपने अतीत की ओर देखा, बल्कि बाहर भी देखा एवं पश्चिम में उभर रहे महान अनुभववादी एवं वैज्ञानिक दर्शनों पर सक्रिय रूप से प्रतिक्रिया की।

संदर्भ :

1. निस्बेट आर.: द सोशियोलॉजिकल ट्रेडिशन (लंदन, 1967) पीपी : 23-24
2. इस अनुभाग के उत्कृष्ट विवरण के लिए डॉब्लिन, सी.आर. (1972)- पश्चिमी भारत में शहरी नेतृत्व : बॉम्बे में राजनीति एवं समुदाय, 1640-1865 (ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस)।
3. बेला दत्ता गुप्ता- (1972)- भारत में समाजशास्त्र, पीपी 16-17 (समाजशास्त्रीय अनुसंधान केंद्र)
4. सर विलियम जोन्स, डेविड कोपफ- ब्रिटिश ओरिएंटलिज्म एवं बंगाल पुनर्जागरण (कलकत्ता, 1969) में उद्धत पीपी. 35 5. बेला दत्तागुप्ता द्वारा उद्धत, पूर्वोक्त, टर्बेविल, ए.एस. (एड) - जॉनसन पेपर, (ऑक्सफोर्ड, 1933) वॉल्यूम 1-1, पीपी 210-11
6. राजेंद्रलाल मित्रा - एशियाई समाज की शताब्दी समीक्षा, 1784 से 1884
7. राजेंद्रलाल मित्रा, पूर्वोक्त, पीपी 30
8. कलकत्ता पत्रिका में पत्रिका की समीक्षा 1833, पीपी 176
9. आर. सी. दत्त: द लिटरेचर ऑफ बंगाल (1895) पीपी : 163-164
10. बोस एन. के.: मॉडर्न बंगाल (कलकत्ता, 1959) पीपी.: 46-47
11. संदर्भ. बेथ्यून सोसाइटी के कार्य (1859-68) बेथ्यून सोसाइटी में समाजशास्त्र अनुभाग की वार्षिक रिपोर्ट भी, 1861 में प्रस्तुत की गई।
12. दत्तगुप्ता, बी - पूर्वोक्त, पी-122
13. देबीपदा भट्टाचार्य, कलकत्ता, 1917 में गोबिंद सामंत (बंगाली पाठ) में उद्धत
14. बेला दत्तगुप्ता, पूर्वोक्त, पीपी-153
15. बेला दत्तगुप्ता, पूर्वोक्त, पीपी-161

16. पॉल एडवर्ड्स द्वारा दर्शनशास्त्र के विश्वकोश में प्रत्यक्षवाद पर लेख, वॉल्यूम 1-6 (मैकमिलन)।

17. बेला दत्तगुप्ता, पूर्वोक्त, पृ-174

18. रॉय, महेंद्रनाथ, बसुः अक्षय कुमार दत्ता, जीबनब्रितान्त (बंगाली में), 1292

19. सरकार, सुशोभनः बंगाल पुनर्जागरण पर (कलकत्ता, पपीरस, 2002)।

20. फोबस, गेरल्डिन हैनकॉक- बंगाल में सकारात्मकताः विचारधारा के प्रसारण एवं आत्मसात पर एक केस स्टडी। कलकत्ता मिनर्वा एसोसिएशन, 1975.

21. बी. एन. सीलः आर्टिकल इन द कलकत्ता रिव्यू (1990-98) बेला दत्ता गुप्ता द्वारा उद्धृत, पूर्वोक्त, पृ.-190

22. सरकार, बिनॉय कुमारः बिनॉय सरकारेर बैठके (चक्रवर्ती, चटर्जी एंड कंपनी, 1982), बैंटम ने घोषणा की है कि 'दार्शनिक या वैज्ञानिक ईश्वर की पूजा में शायद ही कोई पूर्ण धर्म हो सकता है। धर्म का आधार गुणों वाला ईश्वर है, जैसा कि हमारे पुराणों एवं ईसाईयों की बाइबिल में उल्लेख किया गया है। वह एवं केवल वही हमारे आदर्श हो सकते है। 'अवैयक्तिक ईश्वर' की पूजा निरर्थक है; व्यक्तिगत ईश्वर की पूजा में मनुष्य के लिए क्या मूल्य है। (धर्मशास्त्र इन कलेक्टेड वर्क्स, वॉल्यूम 1-2, पृ. 594)।

कोलकाता

दिनांकः 6 मई, 2024

प्रोफेसर स्वपन कुमार प्रमाणिक

अध्यक्ष

3

महासचिव का प्रतिवेदन (रिपोर्ट)

एशियाटिक सोसाइटी के सम्मानित अध्यक्ष प्रोफेसर स्वप्न कुमार प्रमाणिक, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एवं पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल माननीय न्यायमूर्ति श्यामल सेन, एशियाटिक सोसाइटी के कोषाध्यक्ष डॉ. सुजीत कुमार दास, पदक, पट्टिका एवं लेक्चररशीप के विशिष्ट पुरस्कार विजेता, एशियाटिक सोसाइटी, कोलकाता के माननीय परिषद सदस्य एवं सदस्यगण तथा प्रिय स्टाफ सदस्यगण, अतिथिगण एवं मित्रों, शुभ संध्या।

एशियाटिक सोसाइटी की 240वीं वार्षिक आम बैठक और पुरस्कार वितरण समारोह में एशियाटिक सोसाइटी के परिषद सदस्यों, सदस्यों और स्टाफ सदस्यों की ओर से आप सभी का स्वागत करते हुए मुझे अत्यंत गौरव का अनुभव हो रहा है। हमें इस ऐतिहासिक संस्था के इस ऐतिहासिक कक्ष में आज हमारे बीच विभिन्न पदकों, पट्टिकाओं के कुछ प्रतिष्ठित पुरस्कार विजेताओं को पाकर भी प्रसन्नता हो रही है, जिन्हें वर्ष 2023 के लिए सोसाइटी की परिषद द्वारा प्रदान किया गया।

अब मैं पिछले एक साल में सोसायटी की विभिन्न गतिविधियों पर संक्षेप में जानकारी साझा करना चाहूँगा। मुझे आपके समक्ष एशियाटिक सोसायटी, कोलकाता की वर्ष 2023-2024 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अत्यंत गौरव का अनुभव हो रहा है। हमारी सभी गतिविधियों का विस्तृत विवरण हमारे मासिक बुलेटिन में पहले से ही उपलब्ध है, जिन्हें नियमित रूप से ऑनलाइन और भौतिक दोनों ही तरीकों से प्रकाशित किया जाता रहा है। इसके अलावा, वार्षिक रिपोर्ट में संकलित अनुभागीय रिपोर्टें वर्ष की हमारी गतिविधियों का पूरा विवरण देंगी।

241वां स्थापना दिवस 15 जनवरी, 2024 को मनाया गया। प्रोफेसर रंजीत कुमार देव गोस्वामी, पूर्व प्रोफेसर और अध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग, गुवाहाटी विश्वविद्यालय और शंकरदेव चेयर प्रोफेसर, सांस्कृतिक अध्ययन, तेजपुर विश्वविद्यालय द्वारा स्थापना दिवस पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने ज्ञाता और ज्ञात: असम में एशियाई अनुआसंधान के पहलू विषय पर चर्चा की।

